सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 148 | जौनपुर, गुरूवार, 16 जनवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत केरल का दौरा करेंगे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत संगठनात्मक गतिविधियों के तहत 16 से 21 जनवरी तक केरल का दौरा करेंगे। संगठन ने बुधवार को यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि अपने प्रवास के दौरान डॉ. भागवत दक्षिणी केरल क्षेत्र में आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न बैठकों में शिरकत करेंगे। आरएसएस शताब्दी समारोह की प्रस्तावना के रूप में एर्नाकुलम जिले के कोलांचेरी स्थित परमभट्टारा केंद्र विद्यालय में 17 जनवरी को छात्र कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय सभा आयोजित की जाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बाद भागवत यहां छात्र स्वयंसेवकों की एक सभा में शिरकत करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, आरएसएस प्रमुख का 21 जनवरी की सुबह वापस लौटने का कार्यक्रम है।

### भाजपा नेता बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के सीधी जिले के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता को मंगलवार को एक महिला नेता से बलात्कार और पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने उन्हें तुरंत पार्टी से निष्कासित कर दिया। प्राथमिकी में कहा गया है कि पीड़िता भी भाजपा की नेता है और उसे पार्टी का टिकट दिलाने का वादा करके कथित तौर पर बलात्कार किया गया। कथित तौर पर आरोपी ने घटना का वीडियो बनाया और उसका इस्तेमाल पैसे ऐंठने के लिए किया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार आरोपी अजीतपाल सिंह चौहान ने महिला के पति को जान से मारने की धमकी दी। चौहान के खिलाफ 13 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। भाजपा की सीधी जिला इकाई के अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने अजीतपाल सिंह चौहान को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया।

### नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के पंत मार्ग पर आयोजित

नई दिल्ली, (एजेंसी)। लुटियंस दिल्ली के पंत मार्ग स्थित एक बंगले में मंगलवार को एक गैर सरकारी संगठन द्वारा कथित तौर पर 'रोजगार मेला' आयोजित किया गया। बंगले के बाहर साक्षात्कार के लिए महिलाओं समेत नौकरी के लिए आए लोगों की लंबी कतार देखी गयी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर 15 जनवरी को हर घर नौकरी अभियान के तहत नौकरी मेले का आयोजन करने का आरोप लगाया था, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, जिसके बाद अब यह घटना देखी गई। आप ने निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष शिकायत भी दर्ज कराई थी, जिसे पुलिस से ऐसे किसी भी आयोजन की अनुमति न देने को कहा था। रोजगार मेले का समन्वयक होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने आयोजन या इसके पीछे कौन लोग थे, इस बारे में कोई भी विवरण साझा करने से इनकार कर दिया।

## बिहार विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर रोक लगा दी। यह सीट पहले राजद से निष्कासित नेता सुनील कुमार सिंह के पास थी। पिछले साल 26 जुलाई को सुनील कुमार सिंह को सदन में अभद्र व्यवहार की वजह से बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी माने जाने वाले नेता पर 13 फरवरी 2024 को सदन में तीखी नोकझोंक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है। सुनील कुमार सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि सीट के लिए उपचुनाव के नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए जा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि चुनाव निर्विरोध हुआ है। पीठ ने कहा कि चूंकि वह पहले से ही मामले पर दलीलें सुन रही है, इसलिए इस बीच सीट के लिए कोई परिणाम घोषित नहीं किया जाना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि कोर्ट अगस्त 2024 से निष्कासन के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है और अगर कल अदालत याचिका को अनुमति देती है, तो यह एक अजीब स्थिति होगी, क्योंकि एक ही सीट के लिए दो उम्मीदवार होंगे।


## न हो किसी के साथ अन्याय, समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : सीएम योगी

गोरखपुर, (संवाददाता)। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सर्द मौसम में भी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक–एक व्यक्ति से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर



पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुधवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन–पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने कई गोवंश खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

## भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय नौसेना के युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को बुधवार को नौसेना की गोदी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में बल में शामिल किया गया। नौसेना ने तीनों बड़े युद्धपोतों के शामिल होने को एक ऐतिहासिक अवसर करार दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है। भारत को विश्व में, विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में मान्यता मिल रही है। भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है। भारत ने हमेशा एक मुक्त, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि 15 जनवरी के दिन को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रत्येक जांबाज को मैं नमन करता हूं। मां भारती की रक्षा में जुटे हर वीर–वीरांगना को मैं बधाई देता हूं। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। ये पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। गर्व की बात कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, भारत विकासवाद की भावना से काम करता है। 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, समुद्र की गहराई हो या फिर असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल अनेक बड़े निर्णयों के साथ शुरू हुआ है। तेज गति से हमने नई नीतियां बनाई हैं।

## अखिलेश यादव ने किया साफ, दिल्ली में आप कांग्रेस से ज्यादा मजबूत, हम उनके साथ खड़े हैं

नई दिल्ली, (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है इसलिए उनकी पार्टी ने आप के साथ खड़े होने का फैसला किया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के खिलाफ लड़ने वाली क्षेत्रीय पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेताओं का समर्थन करना चाहिए। दिल्ली में आप और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। आप मजबूत है और हमने उनके साथ खड़े होने का फैसला किया है।श सवाल दिल्ली का है और हमारा लक्ष्य है कि बीजेपी हार जाए। कांग्रेस और आप का भी एक ही लक्ष्य है। समाजवादी पार्टी सुप्रीमो ने यह भी स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंधन बरकरार है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बरकरार है। मुझे याद है कि जब इंडिया गठबंधन बना था, तो यह निर्णय लिया गया था कि जहां भी कोई क्षेत्रीय पार्टी मजबूत होगी, गठबंधन उन्हें समर्थन देगा। इससे पहले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने स्वीकार किया कि लोकसभा चुनाव 2024 के बाद इंडिया गुट विभाजित है। राजा ने कहा था कि यह सच है कि विपक्ष बंटा हुआ है. ये तो लोग जानते हैं कि दिल्ली में. विधानसभा चुनाव आप अपने दम पर लड़ रही है, कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ रही है, वामपंथी दल जहां भी लड़ने में सक्षम हैं वहां चुनाव लड़ रहे हैं और अन्य दलों के बीच, कुछ दलों ने आप को समर्थन देने की घोषणा की है। तो, यह एक सच्चाई है कि इंडिया गुट विभाजित है। कई बीजेपी नेताओं ने यह भी दावा किया है कि इंडिया ब्लॉक के पास श्कोई मिशन नहींश है और वह शबिखरा हुआश है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले इंडिया ब्लॉक की आलोचना करते हुए दावा किया था कि गठबंधन श्पूरी तरह से विघटितश हो गया है, उन्होंने गठबंधन द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव और मुंबई नगर निगम चुनाव एक साथ नहीं लड़ने का उदाहरण दिया था। आज इंडिया गठबंधन पूरी तरह से बिखर गया है। मुंबई में चुनाव होने वाले हैं और शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं।

## बसपा ही भाजपा का विकल्प, इंडिया गठबंधन का देश और प्रदेश में नहीं है कोई भविष्य : मायावती

लखनऊ, (संवाददाता)। बसपा सुप्रीमों मायावती बुधवार से 69 साल की हो गईं। इस मौके पर उन्होंने लखनऊ के पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात की। मायावती ने यहां आंबेडकर के नाम पर हो रही राजनीति पर प्रश्न उठाया। मायावती ने कहा कि उनके वोटरों को बाकी दलों से सावधान रहना होगा। उनके वोटर लोक लुभावन बातों पर वोट दे देते हैं। उनको इससे बचना चाहिए। वोटरों को देखना चाहिए कि किस पार्टी ने जमीनी



स्तर पर उनके जीवन को बदलने का काम किया है। बसपा सुप्रीमों ने दो टूक लहजे में कहा कि भाजपा के विकल्प के रूप में बसपा एकलौती पार्टी है। इंडिया गठबंधन का यूपी सहित पूरे प्रदेश में कोई भविष्य नहीं है। यह सभी पार्टियां स्वार्थ के लिए एकत्रित हुई है जनता के लिए नहीं। मायावती ने कहा कि दिल्ली के चुनाव में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। यदि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष हुए तो यकीन मानिए कि परिणाम चौंकाने वाले होंगे। इस मोके पर मायावती ने अपने द्वारा लिखी गई किताब का विमोचन किया। इस किताब में उनकी और बसपा की यात्रा की कहानी कही गई है।

## मोहन भागवत ने किया संविधान का अपमान : राहुल गांधी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत ने संविधान पर हमला किया। यह देशद्रोह और संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का कर्तव्य है कि वह पारदर्शिता के साथ चुनाव कराए। आयोग का दायित्व है कि वह हमें महाराष्ट्र, हरियाणा चुनावों का डाटा दे, लेकिन वे हमें डाटा देने से इनकार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कल मोहन भागवत ने कहा कि संविधान हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है। लेकिन इसके बाद भी पंजाब, कश्मीर, पूर्वोत्तर में हमारे हजारों कार्यकर्ता मारे गए। मगर कांग्रेस फिर भी कुछ खास मूल्यों के लिए खड़ी रही है। हम इस इमारत में उन मूल्यों को देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी दुनिया स्वयं से बाहर पर ध्यान केंद्रित करती है, जबकि भारतीय सोच का तरीका स्वयं को समझने के बारे में है। भारत में भी स्वयं के बारे में दो दृष्टिकोण हैं, जो संघर्ष है। एक हमारा संविधान का विचार और दूसरा आरएसएस का विचार है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत हर 2–3 दिन में देश को यह बताते हैं कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान के बारे में क्या सोचते हैं? कल उन्होंने जो कहा वह देशद्रोह है। भागवत ने कहा कि संविधान अमान्य है और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अमान्य थी। भारत में उन्हें सार्वजनिक रूप से यह कहने की हिम्मत है। किसी अन्य देश में अगर वे ऐसा कहते तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता। यह कहना कि भारत को 1947 में



आजादी नहीं मिली हर भारतीय का अपमान है। अब समय आ गया है कि हम इस बकवास को सुनना बंद करें, क्योंकि ये लोग सोचते हैं कि वे बस रटते रहेंगे और चिल्लाते रहेंगे। राहुल गांधी ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जो लोग सत्ता में हैं, वे तिरंगे को सलाम नहीं करते, राष्ट्रीय ध्वज को नहीं मानते, संविधान को नहीं मानते और भारत के बारे में उनका नजरिया हमसे बिल्कुल अलग है। वे चाहते हैं कि भारत को एक छायादार, छिपा हुआ और गुप्त समाज चलाए। वे चाहते हैं कि भारत को एक आदमी द्वारा चलाया जाए और वे इस देश की आवाज को कुचलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ी जातियों और आदिवासियों की आवाज को बंद करना चाहते हैं। यह उनका एजेंडा है और मैं कहना चाहूंगा कि इस देश में कोई भी दूसरी पार्टी नहीं है जो उन्हें रोक सके। उन्हें रोकने वाली एकमात्र पार्टी कांग्रेस है। इसका कारण यह है कि हम एक वैचारिक पार्टी हैं और हमारी विचारधारा कल नहीं उभरी है। हमारी विचारधारा आरएसएस की तरह हजारों साल पुरानी है और हम हजारों सालों से आरएसएस की विचारधारा से लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गड़बड़ हुई है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असहज हैं।

## कांग्रेस ने देश को कमजोर करने वाली ताकतों को बढ़ावा दिया - नड्डा



नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लड़ाई भाजपा ही नहीं हर भारतीय राज्य से वाले बयान को लेकर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि उसने देश को कमजोर करने वाली ताकतों को बढ़ावा दिया है। जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का घिनौनी सच किसी से छिपा नहीं है। अब उनके अपने नेता ने ही इसका पर्दाफाश कर दिया है। मैं राहुल गांधी की सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ–साफ कही जो देश जानता है कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है। जो भारत को बदनाम करना चाहते हैं। उनके बार–बार के कार्यों ने भी इस विश्वास को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने वाला है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को बढ़ावा देने का रहा है, जो एक कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। लेकिन भारत के लोग समझदार हैं। उन्होंने तय कर लिया है कि वे हमेशा राहुल गांधी और उनकी सड़ी हुई विचारधारा को खारिज कर देंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान महज संयोग नहीं है बल्कि जॉर्ज सोरोस द्वारा पूर्व नियोजित और प्रायोजित है। आज कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने साफ कर दिया है कि भाजपा और पीएम मोदी का विरोध करते–करते वे देश का विरोध करने लगे हैं। वे भारत और भारतीय राज्यों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह संयोग नहीं बल्कि एक सोचा–समझा प्रयोग है। यह एक उद्योग बन गया है, जिसे सोरोस (जॉर्ज सोरोस) प्रायोजित करते हैं। राहुल गांधी श्भारत तोड़ोश के एजेंडे पर चलते हैं। भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीयू के नेता राजीव रंजन प्रसाद ने भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। कांग्रेस का कलंकित अतीत उनको ऐसे सवाल पूछने की अनुमति नहीं देता है। कांग्रेस ने पहले भी ऐसे मुद्दे उठाए हैं, लेकिन लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे साफ है कि लोग कांग्रेस को नकार रहे हैं। लोगों में संविधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान बढ़ रहा है। बुधवार को कांग्रेस ने नए मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर राहुल गांधी ने कहा था कि यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष स्थिति वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि आप मानते हैं कि हम सिर्फ भाजपा नाम के राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो ऐसा नहीं है। उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब कांग्रेस के लोग सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि व्यवस्था से भी लड़ रहे हैं।

## दिल्ली में 5 फरवरी को खत्म हो जाएगी आप–दा सरकार, हरदीप पुरी का दावा

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आगामी दिल्ली चुनावों में भाजपा की संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि श्आप–दाश 5 फरवरी को भाजपा की अपेक्षित जीत के साथ समाप्त होगा। उन्होंने अपना विश्वास दोहराया कि भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी मौजूदा सत्ता विरोधी लहर के कारण जीत हासिल करेंगे। पुरी ने अरविंद केजरीवाल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए अधूरे वादों और कथित भ्रष्टाचार को उजागर किया। पुरी ने यमुना नदी की खराब स्थिति और दिल्ली की वायु गुणवत्ता को आम आदमी पार्टी की विफलता बताया। उन्होंने दिल्ली सरकार पर अपने नेताओं के निजी वाहनों पर अत्यधिक खर्च करने का भी आरोप लगाया और मुख्यमंत्री उम्मीदवार पर भाजपा के फैसले का वादा किया। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मैं यहां रमेश बिधूड़ी के नामांकन दाखिल करने के लिए आया हूं। यहां लोगों में उत्साह आप देख सकते हैं। माहौल देखकर साफ है कि सिर्फ ये सीट ही नहीं बल्कि बीजेपी बड़े अंतर से दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने जा रही है। कालकाजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने कहा कि सत्ता विरोधी लहर के कारण प्रतिस्पर्धा में कमी है। उन्होंने आप उम्मीदवार आतिशी के अभियान की आलोचना की और इसकी तुलना केजरीवाल के नेतृत्व से करते हुए लोगों की सेवा करने की उनकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। चुनाव 5 फरवरी को होने हैं और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

## पूज्य पिताजी एवं परम पूज्य पूर्वजों की स्मृति में लेफ्टिनेंट कर्नल बीरेंद्र सिंह तोमर परिवार ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। पूज्य पिताजी एवं परम पूज्य पूर्वजों की स्मृति में मकर संक्रांति पर्व पर श्री करणी सिक्योरिटी सर्विसेज कार्यालय पर सुंदरकांड का पाठ किया गया और तदोपरांत प्रसाद, खिचड़ी और कंबल का दान किया



गया।लेफ्टिनेंट कर्नल बीरेंद्र सिंह तोमर परिवार ने श्री करणी सिक्योरिटी सर्विसेज कार्यालय एवं निज निवास रायबरेली रोड सैनिक नगर और हनुमान मंदिर सेनानी विहार रायबरेली रोड पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण और खिचड़ी दान किया। पूज्य माताजी श्रीमती राम बेटी, लेफ्टिनेंट कर्नल बीरेंद्र सिंह तोमर, धर्मपत्नी मनोज देवी, राजीव सिंह तोमर ,सोनल सिंह तोमर, आशुतोष तोमर, निष्ठा तोमर, विहान और युवान, कार्यालय के सहयोगी बृजेश दीक्षित, राजमणि, श्रीमती मेघना दीक्षित, शुभम और भरत ने सहयोग किया।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के विवादास्पद बयान के विरोध में नेशनल (NSUI) के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन फुका पुतला

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS ) के प्रमुख मोहन भागवत के विवादास्पद बयान के विरोध में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। NSUI के शहर अध्यक्ष अमन सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर कांग्रेस कार्यालय इंदिरा



भवन पर एकत्रित होकर भागवत का पुतला दहन किया। शहर अध्यक्ष अमन सिन्हा ने कहा कि भागवत का बयान RSS और भाजपा की वास्तविक मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का देश की आजादी में कोई योगदान नहीं रहा, वे न तो आजादी की कीमत समझ सकते हैं और न ही देश का सम्मान कर सकते हैं। विरोध प्रदर्शन में NSUI के प्रदेश उपाध्यक्ष शशांक राय अंकित, प्रदेश महासचिव आदिल के साथ रोहित पाण्डेय, शाद खान, प्रिंस पाण्डेय, राजू बिंद, शिखर सोनी, सक्षम शर्मा, श्लोक विश्वकर्मा, गौरव यादव और ऋषभ यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भागवत के बयान को देश विरोधी करार दिया।

## इंदिरानगर में मकर संक्रांति पर धूमधाम से मना श्री राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह की प्रथम वर्षगांठ को भाजपा पूर्वी विधानसभा ने बड़ी धूमधाम से मनाया। सी ब्लॉक इंदिरानगर हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में इंदिरा नगर, विकास नगर, गोमतीनगर, कुरमांचल नगर, कल्याणपुर, हरिहर नगर, मुलायम नगर आदि क्षेत्रो के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सुन्दर कांड पाठ पढ़ा और बाद में तहरी भोज मैं भी सब शामिल हुए। सुबह 11:00 से शुरू हुए संगीतमय सुन्दरकांड पाठ के आयोजन से पूरा माहौल भक्तिमय और राममय हो गया। सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद भजनों की लड़ी पर भक्त झूम उठे। राम नाम के उदघोष से पूरा माहौल गूंज उठा। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोशियारी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, सौमित्राचार्य जी महाराज समेत बड़ी संख्या में जनता मौजूद रही। मुख्य रूप से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के शैक्षिक व सामाजिक



संगठनों के पदाधिकारी, आवासीय कॉलोनी के अध्यक्ष और महामंत्री, भाजपा कार्यकर्ता, पार्षद राजेश सिंह गब्बर, रामकुमार वर्मा, भृगुनाथ शुक्ला, कौशल पाण्डेय, प्रमोद सिंह राजन, संजय सिंह राठौर, उमेश सनवाल, भूपेंद्र शर्मा, सूरज जसवानी, कृष्णवीर सिंह बंटू, संदीप पाठक, हरीश चंद लोधी, राकेश मिश्र, हरीश अवस्थी, अरुण तिवारी, दीपक तिवारी, कृष्ण प्रताप, अशोक उपाध्याय, राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया, अभिषेक राय, सुमित खन्ना, नरेन्द्र देवड़ी, युवा मोर्चा के अध्यन सिंह सैनी, अनुराग मिश्रा, शशांक शेखर गोल्डी, देवेश उपाध्याय, शेखर कुमार श्रीवास्तव, बृजमोहन पाण्डेय, पूर्व पार्षद राम मोहन अग्रवाल, अर्चना दत्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष सीता नेगी आदि अनेक लोगों ने सुन्दरकांड पाठ एवं तहरी भोज में भाग लिया। विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान राम हमारी आस्था हैं, भगवान राम हमारी चेतना हैं, भगवान राम हमारा चिंतन हैं, रोम रोम में व्याप्त हैं। उनका स्मरण हमने श्री राममंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर आज किया। जैसा कि प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि आज के युग में राम के आदर्शो पर चलते हुए अपनी चेतना का देव से देश तक और राम से राष्ट्र तक विकास करें। उन्होंने कहा कि हमसबको मिलकर भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने का प्रयास करना चाहिए।

## एमबीबीएस छात्रों और मनबढ़ों के बीच मारपीट

गोरखपुर, (संवाददाता)। बीआरडी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर सोमवार रात दो बजे चाय की दुकान पर छात्रों और क्षेत्र के मनबढ़ युवकों के बीच मारपीट हो गई। मेडिकल चौकी पुलिस के पहुंचने के सूचना पर सभी भाग गए। मामला सिगरेट और चाय पीने दौरान कहासुनी होना बताया जा रहा है। बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज के मेन गेट के पास सामुदायिक शौचालय के समीप एक चाय की दुकान है। जहां रात में मेडिकल छात्र चाय पीने जाते हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार रात एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के कुछ छात्र दुकान पर सिगरेट और चाय पी रहे थे। इसी समय झुंगिया कस्बे से पांच से छह मनबढ़ युवक नशे में बाइक लेकर पहुंचे और दुकानदार से सिगरेट मांगने लगे।

## डाक सेवा जन सेवा की ओर उन्मुख जौनपुर मंडल : कर्नल विनोद




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । डाक विभाग की योजनाओं की जागरूकता फैलाते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार के साथ परिक्षेत्र के डाककर्मियों द्वारा बाइक रैली निकाली जा रही हैद्य यह रैली वाराणसी, भदोही जिले से होते हुए 16 जनवरी की शाम को जौनपुर जिले में पहुँच चुकी हैद्य यह रैली 17 एवं 18 जनवरी को जौनपुर जिले में विभिन्न कार्यक्रम करते हुए 18 जनवरी की शाम को गाजीपुर जिले के लिए रवाना होगीद्य रैली का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कर्नल विनोद कुमार ने कहा कि डाक विभाग हमेशा से ही भारत के भौगोलिक क्षेत्रफल को अपने व्यापक नेटवर्क से जोड़ता रहा है एवं प्रत्येक जनमानस तक अपनी सेवा जैसे बचत खाता, डोरस्टेप बैंकिंग एवं डाक बुकिंग से लेकर वितरण के माध्यम से पहुंचाता रहा हैद्य सेवा भाव के इसी अनुक्रम में बाइक रैली द्वारा डाक विभाग के जौनपुर जिले में डाक जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

डाक अधीक्षक राम केवल चौहान

जौनपुर मंडल ने बताया कि डाक सेवा के संवर्धन एवं जागरूकता हेतु निकाली जा रही रैली में प्रथम दिन 17 जनवरी को कार्यालय जौनपुर मंडल में ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन कराया जायेगा जिसमें संभावित ग्राहकों एवं व्यापार संघ के अध्यक्ष को डाक विभाग द्वारा दिए जा रहे व्यवसाय विकास में सहायक योजनाएँ जैसे डाकघर निर्यात केंद्र, बल्क कस्टमर को आकर्षक छुट एवं कर्मचारी हित में दुर्घटना बीमा, डाक जीवन बीमा के बारे में अवगत कराया जाएगाद्य तत्पश्चात सायंकाल में रैली प्रधान डाकघर जौनपुर से निकलकर शाही किला, अटाला मस्जिद, सद्भावना पुल के रास्ते कचहरी, पुलिस लाइन से होते हुए अम्बेडकर चौराहा, जेसीज चौराहा से होकर वापस प्रधान डाकघर जौनपुर पहुंचेगीद्य रैली में डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजना से लोगों को अवगत कराया जायगाद्य इस दौरान रैली द्वारा लगभग 08 किमी की दूरी तय किया जाएगा।द्वितीय दिन 18 जनवरी को रजा डीएम शिया इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के मध्य पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाना निर्धारित हैद्य तत्पश्चात प्रतियोगिता के विजेताओं एवं जौनपुर डाक मंडल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डाककर्मियों को पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा एवं उसी दिन रैली पुनः जौनपुर जिले से निकलकर आगे गाजीपुर जिले में निर्धारित कार्यक्रम के लिए आगे बढ़ेगी।

## मेदांता, लखनऊ ने घुटने के प्रत्यारोपण पर कार्यशाला का किया आयोजन




लखनऊ। मेदांता लखनऊ ने हाल ही में एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया, जिसमें मरीजों को घुटने के प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) सर्जरी और इसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जिन्होंने यह सर्जरी कराई थी, उन मरीजों ने भी अपने अनुभव साझा किए और अपनी जिंदगी में हुए सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की। अब घुटने का प्रत्यारोपण भारत में एक सफल उपचार विकल्प बन चुका है। हर साल लगभग 2.5 लाख से अधिक घुटने की सर्जरी की जाती हैं, जो एक दशक पहले की तुलना में काफी अधिक है। इस सर्जरी का प्रमुख कारण यह है कि घुटने के गठिया (ऑस्टियोआर्थराइटिस) से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है। मेदांता, लखनऊ के ऑर्थोपीडिक सर्जरी डायरेक्टर, डॉ. सैफ एन. शाह ने कहा, "जो मरीज इस सर्जरी की जरूरत महसूस करते हैं, उनकी संख्या अभी सामने आए आँकड़ों से कहीं अधिक है। यह केवल शुरुआत है।" हालाँकि, घुटने के प्रत्यारोपण के सफल मामलों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन भारत अभी भी विकसित देशों की तुलना में काफी पीछे है। डॉ. शाह ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में यह संख्या तेजी से बढ़कर प्रति वर्ष 10 लाख तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि, ष्स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, और जोड़ों के स्वास्थ्य और सर्जरी विकल्पों के प्रति बढ़ती जागरूकता जैसे कई कारण इस वृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं। मेदांता, लखनऊ ने घुटने के प्रत्यारोपण में अपनी विशेषज्ञता, दर्द प्रबंधन की बेहतर तकनीकों और व्यापक पुनर्वास कार्यक्रमों पर जोर देते हुए विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ. शाह ने कहा, "घुटने का प्रत्यारोपण कई लोगों के लिए जीवन बदलने वाला होता है। यह दर्द से पूरी तरह राहत दिलाने और रोजमर्रा की जिंदगी को वापस आने में भी मदद मिलती है।" कार्यक्रम में सम्मिलित मरीजों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे सर्जरी ने उनके पुराने घुटने के दर्द को खत्म कर दिया और उन्हें अपने काम, शौकध् और सक्रिय जीवनशैली में वापस लौटने में मदद की। उन्होंने पुनर्वास के महत्व पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य वार्ता में विशेषज्ञों ने पोस्ट–ऑपरेटिव पुनर्वास की अहमियत बताई। उन्होंने घर पर देखभाल और व्यायाम के लिए मार्गदर्शन दिया। डॉ. शाह ने कहा, "सफल पुनर्वास और बेहतरीन परिणामों के लिए एक व्यक्तिगत पुनर्वास योजना बेहद जरूरी है।" कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने डॉक्टरों से अपने सवाल पूछे। इस इंटरऐक्टिव सत्र से घुटने के प्रत्यारोपण सर्जरी पर विचार कर रहे मरीजों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। मेदांता लखनऊ की यह पहल मरीजों को जागरूक और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

भारत में घुटने के गठिया की बढ़ती समस्या को देखते हुए, ऐसे कार्यक्रम मरीजों को उनके इलाज के विकल्पों के बारे में सही निर्णय लेने और सफलतापूर्वक ठीक होने में मदद करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## समाज में समन्वय स्थापित करने का महती कार्य करता है मीडिया : राम निवास गोयल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

नई दिल्ली। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय कार्यालय का उद्घाटन 8ध्51 रामनगर विश्वास नगर शाहदरा दिल्ली में विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल के ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। साथ ही कहा कि पत्रकार समाज का वह महत्वपूर्ण अंग है जिसके बिना समाज व सरकार के बीच सामंजस्य और दिशा प्रदान करना असम्भव है। पत्रकारिता ही गाँव की गलियों से देश की राजधानी तक दिशा प्रदान करता है। राम निवास गोयल ने दिल्ली व विभिन्न स्थानों से आये पत्रकारों का शाल उढाकर सम्मानित भी किया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिवध्प्रवक्ता नरेश सक्सेना ने वटवृक्ष रूपी ग्रापए की यात्रा व उपलब्धियों के साथ ही राष्ट्रीय विस्तार पर प्रमुखता से अवगत कराया। पश्चिम बंगाल व विहार प्रभारी ओम प्रकाश द्विवेदी ने मां सरस्वती वन्दना की स्थापना कैसे हुई पर अपना प्रकाश डाला। स्वामी राजेश्वरानंद जी ने कहा कि नारदजी पत्रकारिता का अनूठा उदाहरण है कैसा भी बेस हो कैसी भी परिस्थितियां हों वह हर जगह पहुँच कर अपनी खबरें निकाल समाज को भविष्य की दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम में पधारे समस्त पत्रकार साथियों प्रदेश व राष्ट्र के पदाधिकारियों, स्थानीय विधायक ओम् प्रकाश शर्मा, जितेन्द्र महाजन विधायक एवं चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमेटी, चन्द्र प्रकाश शर्मा ने पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय विस्तार में हर सहयोग ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय विस्तार में देने का आस्वासन दिया। दिल्ली के अध्यक्ष सुखमाल जैन व हरियाणा के संयोजक सुनील जांगडा के अध्यक्ष की घोषणा कर सदस्यता अभियान प्रारंभ कर ब्लाक, तहसील जिला, मण्डल व प्रदेश इकाई का विधिवत् गठन कर शपथग्रहण समारोह करेंगे। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिवध प्रभारी राष्ट्रीय विस्तार महेंद्र सिंह ने कहा कि ग्राम गढ़वार से चलकर पूरे देश में इस की शाखाओं का विस्तार होने पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश और सभी पत्रकार पूरे देश के देवी प्रसाद गुप्ता जी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि ग्रापए ने स्थापना समय से अभी तक ग्रामीण पत्रकार मझले पत्रकार, शहरी पत्रकार किस पत्रकार संगठन जुड़ा है ग्रापए का सदस्य है अथवा नहीं । ग्रापए के




जिला अध्यक्ष गाजियाबाद सचिन त्यागी, व गौतम बुद्ध नगर से धीरेन्द्र अवाना, महाराष्ट्र प्रभारी प्रदीप पांडेय, उत्तराखंड व हरियाणा प्रभारी डॉ नरेश पाल सिंह, डॉ आलम फरीदी, आर्यनंदिनी, डॉ अनीता भदौरिया, योगेश कौशिक, गौरव गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, लक्ष्मी सुशील भारद्वाज सहित दिल्ली के अनेक पत्रकारों ने भाग लिया। दिल्ली प्रदेश के संयोजक सुखमाल जैन के संयोजन में हुए कार्यक्रम में पधारे समस्त पत्रकार साथियों प्रदेश व राष्ट्र के पदाधिकारियों, राजनीतिक साथियों का आभार व्यक्त किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। ओम् प्रकाश शर्मा, जितेन्द्र महाजन विधायक एवं चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमेटी, चन्द्र प्रकाश शर्मा ने पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय विस्तार में हर सहयोग देने का आस्वासन दिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिवध्राष्ट्रीय प्रभारी विस्तार महेंद्र सिंह ने कहा कि ग्राम गढ़वाल से चलकर पूरे देश में इसकी शाखों का विस्तार होने पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश और सभी पत्रकार पूरे देश के देवी प्रसाद गुप्ता जी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण चौहान ने कहा कि पत्रकार समाज आईना है जिस प्रकार का पत्रकार समाज को आईना दिखाएगा समाज की संरचना उसी रूप में होगी जैसा वह दिखायेगा।

## वर्चस्व व प्रॉपर्टी विवाद में हुई किन्नर के पार्टनर की हत्या पुलिस ने किया खुलासा

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। लाइन बाजार, स्वाट टीम व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 4 वांछित अभियुक्तो को 2 पिस्टल कारतुस व एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि विजय 2 जनवरी को लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रसीदाबाद में गोपाल विश्वकर्मा नमक एक युवक की गोली मारकर स्टेडियम हत्या की सूचना मिली थी इस मामले में मुकदमा दर्ज करके पुलिस और एसओजी स्वाट टीम और पुलिस की दो टीमें द्वारा लगातार मामले की छानबीन की जा रही थी लगातार पूछताछ करके इस घटना का सफल अनावरण किया गया है चार अभियुक्तोंको पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है।जिसमे विनोद कुमार बिंद प्रदीप कुमार अंकित कनौजिया और बृजलाल प्रजापति शामिल है पूछताछ में मामला जो सामने आया है उसमें सोनी किन्नर के साथ मृतक गोपाल विश्वकर्मा पार्टनर के रूप में रहा करता था बीते 6 में को उसकी मौत के बाद भी यह भी वहां स्थान बनाए हुए था और जो इनकम होती थी उसको यह शेयर लेता था यह बात सोनी किन्नर की शिष्या शीला किन्नर का के पार्टनर बृजलाल द्वारा निकनेम अंशु इस घटना को कारित करने के लिए पिछले डेढ़ साल से प्रयास किया जा रहे थे इसलिए पूर्व भी मृतक के ऊपर दो बार हमला किया जा चुका था अंशु द्वारा 2 जनवरी को अपने तीन साथियों जिनको ये जानता था बुलाकर जिनको इन्होंने गोपाल की हत्या के लिये 8 लाख रुपये है देने का वादा करते हुए 10 हजार रुपए एडवांस के रूप में दिया था तीन लड़के बाइक से आए थे जिनकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी । दो अश्लाहो से इसकी हत्या करने का प्रयास किया गया था और घटना में प्रयुक्त दोनों असलहे बाइक बरामद किया गया है पूरे घटना की बैकवर्ड लिकेज अप्लाई करके असल है बेचने वाले और उनको खरीदने वाले के गिरफ्तार करने की प्रयास किए जाएंगे और पूरे घटना में गैंगस्टर अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मृतक आजमगढ़ का रहने वाला था इसके खिलाफ भी आजमगढ़ में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या करने वालों में शामिल एक अपराधी यूट्यूब पर भी है इसके लगभग 3 मिलियन लोग सब्सक्राइबर भी हैं जबकि एक अभियुक्त जो की इसी तरह क्रियाकलाप करके जिला पंचायत का चुनाव भी लड़ने की फिराक में था। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनोद कुमार बिन्द पुत्र श्यामलाल बिन्द निवासी फूलपुर थाना लाइन बाजार , प्रदीप बिन्द पुत्र सोमारू बिन्द निवासी चिकसावा थाना बरदह जनपद आजमगढ ,अकिंत कनौजिया पुत्र दशरथ कनौजिया निवासी इमामपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर वांछित थे को गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त 02 पिस्टल, 05 जिन्दा कारतुस, 01 मोटरसाइकिल सुपर स्पलेण्डर काला रंग बिना नम्बर, 2700 रुपये नगद व घटना के बाद जलाये गये कपड़ो के अवशेष को बरामद किया गया। तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त मे धारा 3(5)/238 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बच्चों की फास्ट फूड खाने की आदतों को सुधारने के लिए समाज को शिक्षित करने पर जोर दिया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय




लखनऊ। हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल में कार्डियक कैथ लैब के उद्घ्घाटन के समय अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अस्पताल की विशिष्टताएं एवं सुविधा की प्रशंसा करते हुए अस्पताल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में अच्छे अस्पताल और डॉक्टरों की कमी है तो हेल्थ सिटी विस्तार अस्पताल के डॉक्टरों की विशेष टीम और इसकी मल्टीस्पेशलिटी डॉक्टरों की टीम और ये अत्याधुनिक कैथ लैब, एंडोस्कोपी सूट और अत्याधुनिक ब्लड बैंक से ना सिर्फ लखनऊ, बल्कि यूपी,देश एवं दुनिया के मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेंगी. उन्हें आगे महिलाओं के स्वास्थ्य, उनके खान–पान में लापरवाही, उनकी शिक्षा एवं देश का भविष्य यानी बच्चों की फास्ट फूड खाने की आदतों को सुधारने के लिए समाज को शिक्षित करने पर जोर दिया। अस्पताल के प्रबंध निदेशक और सह–संस्थापक डॉ. संदीप कपूर ने राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर समाज और देश सेवा में आत्याधुनिक सुविधाओं में लगतार वृद्धि करता रहेगा एवं ये भी आस्वासन दिया कि आत्याधुनिक सुविधाएं किफायती दरों पर समाज को समर्पण की जाती रहेगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधांशु द्विवेदी ने कहा कि सरकार द्वार चलायी जा रही है, योजनाएं बहुत अच्छी हैं और सभी अस्पतालों को इसका पालन करना चाहिए। डॉ. द्विवेदी ने भी अस्पताल की सुविधा एवं चिकित्सा की प्रशंसा करते हुए हेल्थ सिटी विस्तार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अस्पताल के निदेशक डॉ केबी जैन ने अपने धन्यवाद भाषण में राज्यपाल एवं सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अस्पताल के निदेशक डॉ संदीप गर्ग ने राज्यपाल का सम्मान किया एवं अस्पताल के निदेशक डॉ राजेश अरोड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर विशेष अथिति का सम्मान किया । कार्डियक कैथ लैब के अलावा, हेल्थ सिटी विस्तार उत्तर प्रदेश में पहली बार अत्याधुनिक एंडोस्कोपी सुइट भी शुरू कर रहा है। इसका नेतृत्व डॉ. अभिनव कुमार कर रहे हैं, जिन्होंने चेन्नई के विश्व प्रसिद्ध रेला मेडिकल कॉलेज से गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में डीएम की डिग्री हासिल की है। अस्पताल अपने अत्याधुनिक ब्लड बैंक का भी उद्घाटन कर रहा है। इस अवसर पर निदेशक मंडल में डॉ. संदीप गर्ग, डॉ. केबी जैन और डॉ. राजेश अरोड़ा के साथ–साथ अन्य डॉक्टर, गणमान्य नागरिक और नागरिक भी मौजूद रहेंगे। सह–संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप कपूर ने कहा, ष्हमारा लक्ष्य अपने मरीजों को किफायती दामों पर विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है ।

## इंडियन बैंक और श्वेतधारा डेयरी ने किसानों के लिए की साझेदारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। इंडियन बैंक और श्वेतधारा दुग्ध उत्पादन कंपनी ने आज अयोध्या में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के तहत, इंडियन बैंक श्वेतधारा डेयरी से दूध बेचने वाले किसानों को डिजिटल माध्यम से 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण (किसान क्रेडिट कार्ड) बिना किसी संपार्श्विक(कोलेटरल) के प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में इंडियन बैंक के लखनऊ अंचल प्रबंधक श्री प्राणेश कुमार और श्वेतधारा अयोध्या के मुख्य कार्यकारी श्री रोहित कुमार ने इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ श्री सुधीर कुमार गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इंडियन बैंक गोंडा के अंचल प्रबन्धक श्री हेमंत मिश्रा, बहराइच अंचल के मुख्य प्रबन्धक श्री अतीश श्रीवास्तव, श्री राम जन्म भूमि शाखा प्रबंधक श्री मनीष कुमार एवं श्वेतधारा अयोध्या मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस नए समझौते से किसानों को कई फायदे होंगे, जैसे कि किसानों को अब बैंक न जाकर वे डिजिटल माध्यम से सुविधा पूर्वक ऋण प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को ऋण लेने के लिए किसी संपत्ति को गिरवी रखने की जरूरत नहीं होगी। ऋण मिलने से किसान अपने पशुओं की देखभाल बेहतर ढंग से कर सकेंगे और दूध का उत्पादन बढ़ा सकेंगे। ऋण द्वारा मिलने वाली राशि से किसान अपनी आर्थिक स्थिति और भी सुदृढ़ कर सकेंगे। इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ श्री सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि, ष्उत्तर प्रदेश तेजी से विकसित हो रहा है और हम इस विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं। इस एमओयू के माध्यम से हम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करेंगे। श्वेतधारा के मुख्य कार्यकारी श्री रोहित कुमार ने कहा कि, ष्हम किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस समझौते से हमारे किसानों को बड़ा आर्थिक फायदा होगा और वे अधिक से अधिक दूध का उत्पादन कर सकेंगे।

# पूर्व प्रधान ने सहयोगियों संग दलित महिला का उजाड़ा टटिया, विरोध पर दिया जानमाल की धमकी दी

लखनऊ, (संवाददाता)। पूर्व प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर सोमवार रामपुर कटेल निवासी एक दलित महिला का फूस का छप्पर व टटिया



उजाड़ दिया। इस दौरान विरोध करने पर दबंगों ने जानमाल की धमकी देते हुए मारपीटा। इसका वीडियो वायरल होते ही गिलौला पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कटेल निवासी ईमानदार उर्फ ताजिश अली पूर्व प्रधान है। जिसकी बहू मौजूदा समय में गांव की प्रधान है। पूर्व प्रधान ने सोमवार को गांव निवासी दलित विधवा महिला कुसाना पत्नी बच्चा लाल के घर पर रखा फूस का छप्पर व टटिया गिरा दिया। इस दौरान पूर्व प्रधान व उसके समर्थकों ने जमकर तांडव भी किया। आरोप है कि बाद में उसमें आग लगा दिया। इसका विरोध करने पर सभी ने मिलकर पीड़िता को जानमाल की धमकी देते हुए मारापीटा जिसमें महिला का बायां हाथ टूट गया। पीड़ित के पुत्र ने बताया कि उसकी पुश्तैनी भूमि है जिस पर आरोपी फर्जी बैनामा के आधार पर कब्जा कर रहे हैं। इसकी सूचना के बाद पहुंची पीआरवी पुलिस आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। जहां से बाद में आरोपियों को छोड़ दिया गया। मामले में गिलौला पुलिस ने पीड़िता कुसाना की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान ईमानदार उर्फ ताजिश अली सहित गांव निवासी देशराज, पृथ्वीराज व अनिरुद्ध के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। वहीं, घटना के बाद पीड़ित परिवार काफी सहमा हुआ है। इस बारे में थानाध्यक्ष प्रमोद अग्निहोत्री का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# संपत्तियों का ब्योरा नहीं देने वाले पुलिसकर्मियों को नहीं मिलेगा वेतन, इतने फीसदी ने दे दिया है ब्योरा

लखनऊ, (संवाददाता)। अपनी चल और अचल संपत्तियों का ब्योरा नहीं देने वाले पुलिसकर्मियों का जनवरी माह का वेतन जारी नहीं किया होगा। डीजीपी मुख्यालय ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बुधवार तक मानव संपदा पोर्टल पर वर्ष 2024 में अर्जित अपनी सभी चल–अचल संपत्तियों का ब्योरा देने का आदेश दिया है। डीजीपी मुख्यालय ने सभी जिलों को इस बाबत निर्देश दिया है कि वह अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से 15 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर उनकी संपत्तियों का ब्योरा दर्ज कराना सुनिश्चित करें। मुख्यालय ने बेहद कम तादाद में पुलिसकर्मियों द्वारा ब्योरा उपलब्ध कराने पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी है कि जिन पुलिसकर्मियों द्वारा तय समय पर अपनी चल– अचल संपत्ति का विवरण पोर्टल पर दर्ज नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध उप्र सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के प्राविधानों के तहत नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी। जिसके बाद उनका जनवरी माह का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। मुख्यालय ने इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने को लेकर आगाह भी किया है। बीते वर्ष भी पुलिसकर्मियों से उनकी संपत्तियों का ब्योरा तलब किया गया था। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा सख्ती बरतने के बाद अन्य विभागों की अपेक्षा पुलिस (गृह विभाग) के सर्वाधिक कर्मियों ( 99 फीसद से अधिक) ने संपत्तियों का ब्योरा उपलब्ध करा दिया था।

# अखिलेश यादव ने किया गंगा स्नान, सोशल मीडिया पर शेयर कीं तस्वीरें, कुंभ को लेकर सरकार पर किया हमला



लखनऊ, (संवाददाता)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मकर संक्रांति के मौके पर गंगा स्नान किया। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मां गंगा का आर्शीवाद लिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को हरिद्वार में गंगा स्नान किया। इसके फोटो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म साझा किए। अखिलेश यादव पूर्व में ही कह चुके हैं कि वह पवन अवसरों पर गंगा स्नान करते हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर सरकार ने तमाम दावे किए, लेकिन वहां पर सच्चाई कुछ और ही बयान कर रही है। श्रद्धालु परेशानियों से गुजर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सरकार गरीब नाविकों की नाव पर पाबंदी लगाकर उनकी रोजी–रोटी छीनने पर उतारू हो गई। अखिलेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर कार्य में कमीशनखोरी हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने सपना दिखाया था कि वे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को जापान के शहर क्योटो जैसा बना देंगे। वाराणसी स्मार्ट सिटी का अनोखा नमूना बन जाएगा। वाराणसी में न तो स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त हैं और न ही सड़के गड्ढा मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर झूठे दावे किए। लखनऊ में विकासनगर के बाद अब टेढ़ी पुलिया चौराहे से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे की तरफ जाने वाली सड़क धंस गई है।

# हुड़दंग करने वाले 14 गिरफ्तार, पर बर्थडे मनाने वाले पर मेहरबानी

लखनऊ, (संवाददाता)। मड़ियांव थाने के पास रविवार रात बर्थडे के नाम पर सीतापुर रोड पर हुड़दंग करने वाले 14 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ मंगलवार को शांति भंग की कार्रवाई की गई। हालांकि, हुड़दंग का मुख्य सूत्रधार राघवेंद्र सिंह अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। इस मामले में बीट दरोगा ने तीन नामजद समेत 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पकड़े गए आरोपियों में रामलीला मैदान निवासी जैद खान, अंकित रस्तोगी, हरिओम नगर निवासी हर्ष त्रिवेदी, श्रीनगर निवासी विकास, फैसल, गायत्री नगर का विपिन कश्यप, सुमित सिंह, कृष्णा अवस्थी, प्रभातपुरम का सिद्धार्थ, मोहिबुल्लापुर निवासी संजू राजपूत, गायत्रीनगर द्वितीय निवासी सौरभ पाण्डेय, मनीष वर्मा, नौबस्ता निवासी अमन मिश्रा व नौबस्ता पुलिया निवासी आदर्श शुक्ला शामिल हैं। सभी आरोपी व्यवसाय करते हैं। इनके अलावा चार नाबालिगों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने राघवेंद्र की कार को भी सीज किया है। अपने बच्चों के पकड़े जाने पर बड़ी संख्या में अभिभावक थाने पहुंचे। इनमें अधिकांश का कहना था कि पुलिस ने मौके पर तमाशबीन बने युवकों पर ही कार्रवाई की है। पुलिस हुड़दंग में मुख्य रूप से शामिल।

# बिजली के निजीकरण को लेकर कर्मचारियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी, बताई नए प्रस्तावों की खामियां

लखनऊ, (संवाददाता)। पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल को प्राइवेट पब्लिक पार्टरनशिप के तहत चलाने को लेकर ट्रांजक्शन एडवाइजर (टीए) की नियुक्ति संबंधी आवेदन मांगे जाते ही ऊर्जा संगठनों ने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। काली पट्टी बांधा कर विरोध जारी रहेगा। उपभोक्ता परिषद ने पूरे मसौदे पर ही सवाल उठाया है। कहा कि नए प्रस्ताव में उपभोक्ता हितों को लेकर कोई प्रावधान नहीं किया गया है। परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि टीए को लेकर तैयार की गई रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) मसौदे में कई तकनीकी खामियां हैं। विद्युत निगमों पर उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ बकाया है। दक्षिणांचल व पूर्वांचल पर उपभोक्ताओं का करीब 16000 करोड़ है। यह उपभोक्ताओं को कैसे लौटाया जाएगा, आरएफपी में इसका जिक्र तक नहीं है। इसी तरह टीए के स्कोप आफ वर्क (एसओपी)में वैधानिक चूक है। परिषद अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि पूरे मसौदा में उद्योगपतियों को कैसे फायदा पहुंचाया जाए, इस पर कार्य करने की इजाजत है, लेकिन उपभोक्ताओं के हितों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। इसी तरह आरडीएसएस योजना में खर्च हो रहे 44 हजार करोड़ खर्च पर भी कोई बात नहीं है। दूसरी तरफ वर्ष 2010 में कैबिनेट की ओर से टोरेंटो पावर के संबंध में लिए गए फैसले की भी टीए को समीक्षा करने का अधिकार दिया गया है। परिषद अध्यक्ष ने कहा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 लोक महत्व के मामले में राज्य सरकार को विद्युत नियामक आयोग को निर्देश जारी करने का अधिकार देती है। वही धारा 109 केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग को लोक महत्व के मामले में निर्देश का अधिकार देती है। टीए की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव में कहा गया है कि वह दोनों धाराओं पर अपना मत देगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या टीए केंद्र सरकार से भी ज्यादा ताकतवर होगा? राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संघ की सोमवार को हुई बैठक में टीए की नियुक्ति प्रक्रिया पर आक्रोश जताया गया। अभियंताओं ने कहा कि निजीकरण से बिजली दरें महंगी होंगी। कर्मचारियों की छंटनी होगी। इसका सीधा असर किसी न किसी रूप में आम आदमी पर पड़ेगा। बैठक में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की गई। प्रस्ताव पारित किया गया कि निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया गया तो जल्द ही उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान सतनाम सिंह, अजय कुमार, बलबीर यादव, जीबी पटेल, जयप्रकाश, अवधेश कुमार यादव, सतवीर सिंह आदि ने संबोधित किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने एलान किया है कि 15 जनवरी को भी सभी अभियंता बांह पर काली पट्टी बांध कर कार्य करेंगे। भोजनावकाश या कार्यालय के बाद विरोध सभाएं करेंगे। समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय आदि ने बताया कि प्रबंधन द्वारा जारी निविदा पत्र में निजीकरण की बात बार– बार लिखी गई है। इससे स्पष्ट है कि कार्पोरेशन प्रबंधन बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं बल्कि निजीकरण के लिए ही सभी प्रयास कर रहा है। ऐसा लगता है प्रबंधन ने पहले से ही टीए के लिए नाम तय कर रखा है, निविदा की प्रक्रिया औपचारिकता मात्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### कब्जामुक्त कराई नगर निगम की 15 करोड़ की जमीन

लखनऊ, (संवाददाता)। शहीद पथ के किनारे हरिहरपुर गांव में नगर निगम की 15 करोड़ रुपये की कीमत की जमीन विरोध के बीच कब्जामुक्त करवाई गई। इस पर प्रॉपर्टी डीलरों ने प्लॉटिंग कर दी थी और निर्माण भी शुरू हो गए थे। नगर निगम के तहसीलदार अरविंद पांडेय और नायब तहसीलदार नीरज कटियार ने बताया कि लुलु मॉल के सामने हरिहरपुर गांव में नगर निगम के कई खसरा नंबरों की करीब चार बीघा जमीन को प्रॉपर्टी डीलरों ने बेच दिया था। लोगों ने इस पर निर्माण भी शुरू कर दिया था, जिसे ध्वस्त कर दिया गया है। इस दौरान लोगों ने विरोध भी किया, पर कार्रवाई को रोका नहीं गया। सुबह साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुआ अभियान शाम चार बजे तक चला। इसमें पुलिस बल और एसडीएम सरोजनीनगर सचिन वर्मा का सहयोग किया। हरिहरपुर गांव आवास विकास परिषद की वृंदावन योजना से लगा हुआ गांव है।

### कल से बिछाई जाएगी सीवर लाइन

लखनऊ, (संवाददाता)। मनकामेश्वर वार्ड में आईटी चौराहे से डालीगंज चौराहे तक सीवर लाइन बिछाने का काम मंगलवार को यातायात पुलिस से तालमेल न हो पाने से शुरू नहीं हो पाया। अब यह बृहस्पतिवार से शुरू होगा। जल निगम के सहायक अभियंता वीएस यादव ने बताया कि यातायात पुलिस ने पहले डायवर्जन की अनुमति मिली थी। फिर मंगलवार को कहा गया कि यातायात में अचानक बदलाव नहीं कर सकते। इसके लिए दो दिन का समय चाहिए। पार्षद रंजीत यादव से भी बात हुई है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद काम शुरू होने से समस्या नहीं है।

### शॉर्ट सर्किट से मकान में आग, जला सामान

लखनऊ, (संवाददाता)। काकोरी के प्यारेपुर गांव में मंगलवार शाम छह बजे ई रिक्शा चालक तौफीक के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीणों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, पर घर का सामान जल गया। तौफीक पत्नी सफिया व दो बच्चों के साथ रहते हैं। मंगलवार शाम छह बजे तौफीक ई रिक्शा चलाने गए थे। पत्नी मकान के पिछले हिस्से में खाना बना रही थी और बच्चे खेल रहे थे। इस बीच मकान के अगले हिस्से में बने कमरे में आग लग गई। यह देख साफिया शोर मचाते हुए बाहर निकल गईं। आसपास के लोगों ने दो घंटे में आग बुझाई। हालांकि, तब तक इन्वर्टर, टीवी, सोफा, अलमारी, कपड़े व 20 हजार रुपये जल चुके थे। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने पीड़ित को तीन कंबल दिए। तौफीक ने बताया कि ई रिक्शा लोन पर लिया है। इसकी किस्त के रखे रुपये जल गए।

### कोहरे ने बिगाड़ी ट्रेन, विमानों की चाल

लखनऊ, (संवाददाता)। कोहरे के चलते मंगलवार को विमान घंटों लेट हुए। ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ। 30 ट्रेनें दो से दस घंटे की देरी से लखनऊ पहुंचीं। इससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। ट्रेन 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस आठ घंटे, 15734 फरक्का एक्सप्रेस आठ घंटे, 12554 वैशाली एक्सप्रेस पांच घंटे, 13240 कोटा–पटना एक्सप्रेस पांच घंटे, 14241 नौचंदी एक्सप्रेस चार घंटे, 22356 चंडीगढ़–पाटलिपुत्र एक्सप्रेस तीन घंटे लेट रही। अमौसी एयरपोर्ट से जेद्दा का विमान एसवी 893 साढ़े सात घंटे की देरी से उड़ान भर सका। हैदराबाद की फ्लाइट आईएक्स 2816, मस्कट का विमान डब्ल्यू वाई 266, रियाद का विमान एक्सवाई 334, मुंबई का विमान 6ई 5241 एक–एक घंटे की देरी से उड़ान भर सका। जेद्दा का विमान एसवी 892 चार घंटे की देरी से पहुंचा। मुंबई से विमान 6ई 5264 सवा घंटे, मस्कट की फ्लाइट डब्ल्यूवाई 265, रियाद की उड़ान एक्सवाई 333 एक–एक घंटे की देरी से अमौसी पहुंची।

### घने कोहरे के बीच बूंदाबांदी के आसार

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी के मौसम में फिर से बदलाव के आसार हैं। घने कोहरे और गलन के बीच बृहस्पतिवार को बादलों की आवाजाही के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इससे पहले मंगलवार को सुबह की शुरुआत घने कोहरे और गलन भरी हवाओं के साथ हुई। बाद में गुनगुनी धूप ने मकर संक्रांति की रौनक बढ़ा दी। हालांकि, शाम होते ही पछुआ हवाओं के जोर से ठंड फिर हावी हो गई। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते बुधवार के बाद मौसम में फिर से बदलाव के संकेत हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजधानी में मौसम में बदलाव आने की

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी और अखिलेश ने मायावती को जन्मदिन कि दी बधाई

लखनऊ, (संवाददाता)। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का बुधवार को जन्मदिन है। पार्टी कार्यकर्ता इसे जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाएंगे। इस दौरान जिला स्तर पर विचार गोष्ठियों का आयोजन




होगा। वहीं, मायावती मॉल एवेन्यू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर देश के राजनीतिक हालात पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए संदेश जारी करेंगी। इसके बाद वे अपनी पुस्तक 'मेरे संघर्षमय जीवन एवं बसपा मूवमेंट का सफरनामा' भाग–20 (ब्ल्यू बुक) के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन भी करेंगी। मायावती के जन्मदिन पर सीएम योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। दोनों ने ही सोशल मीडिया में उन्हें दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं।

### स्कूल लेकिन डीएम अपने स्तर पर तय कर सकेंगे अवकाश

लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में जाड़े की छुट्टियां मंगलवार को समाप्त हो गईं। बेसिक शिक्षा विभाग ने छुट्टियों को आगे बढ़ाया नहीं है। इसके साथ ही विद्यालय बुधवार से निर्धारित समय पर खुलेंगे और पठन–पाठन होगा। परिषदीय विद्यालयों में जाड़े की छुट्टियां 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक थीं। इसके साथ ही 15 जनवरी बुधवार से विद्यालय पूर्व निर्धारित समय सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने कहा कि निदेशालय की ओर से छुट्टियों को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है। आवश्यकतानुसार जिला स्तर पर डीएम इसके लिए निर्णय ले सकेंगे। वहीं बुधवार से माध्यमिक विद्यालय भी पूर्व निर्धारित समय सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक चलेंगे। बता दें कि पूर्व में ठंड को देखते हुए मकर संक्रांति तक विद्यालयों का समय सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक कर दिया गया था। इसमें भी माध्यमिक शिक्षा विभाग ने आगे कोई बदलाव नहीं किया है।

### नामांकन से पहले सपा प्रत्याशी ने लिया पंचमुखी महादेव और हनुमंतलला का आशीर्वाद

लखनऊ, (संवाददाता)। मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए नामांकन करने से पहले सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद व उनके पिता सांसद अवधेश प्रसाद ने गुप्तारघाट स्थित पंचमुखी शिव मंदिर व सहादतगंज स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान अजीत प्रसाद ने शिवलिंग का अभिषेक किया और नामांकन के लिए रवाना हो गए। उनके साथ पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय भी मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बातचीत में सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी इन चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। यह चुनाव बाहरी और घर के प्रत्याशी के बीच होने जा रहा है। मैं यहां पर रहता हूं और भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान बाहर के हैं। जनता हमारे साथ है और इन चुनाव में सपा बड़ी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि हमने सरयू मैया का आशीर्वाद लिया है। हनुमान जी से आशीर्वाद लिया है और भगवान शिव का भी अभिषेक किया है। सपा इस सीट पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करने जा रही है।

# भाजपा ने साधे दलित समीकरण, धार्मिक एजेंडे के बजा जाति पर सिमटता दिखेगा ये चुनाव

लखनऊ, (संवाददाता)। भाजपा ने पासी समाज के चंद्रभानु पासवान को मैदान में उतारकर सपा को घेरने की कोशिश की है। जातीय समीकरण साधने के साथ ही भाजपा ने चंद्रभान के जरिए सपा सांसद अवधेश प्रसाद के उस नारे का जवाब देने की कोशिश की है, जो सपा उम्मीदवार के तौर पर अवधेश प्रसाद ने अयोध्या सीट पर लोकसभा चुनाव के दौरान दिया था। उन्होंने प्रचार के दौरान श्अयोध्या न काशी, अबकी बार चलेगा पासी श का नारा दिया था। माना जा रहा है कि भाजपा ने अवधेश के इसी नारे के जवाब में अबकी बार पासी की काट के लिए पासी पर ही दांव लगाकर सपा को घेरने की कोशिश की है। दरअसल लोकसभा चुनाव में अयोध्या सीट हारने के बाद से ही भाजपा सपा सांसद चुने गए अवेधश प्रसाद की सीट पर कब्जा करने के लिए पासी समाज के ही एक ऐसे चेहरे की तलाश में थी, जो मजबूत टक्कर दे सके। इसके लिए पार्टी की ओर से कराए गए सर्वे में चंद्रभानु का नाम मजबूती सामने आया था। इसलिए भाजपा ने विपक्ष के पासी उम्मीदवार के सामने पासी समाज के चंद्रभानु को टिकट देने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव परिणाम को देखते हुए भाजपा भी यह समझ चुकी थी कि इस बार उपचुनाव में अयोध्या, काशी व मथुरा जैसे धार्मिक एजेंडा के बजाए सपा के नारे को ही हथियार बनाकर मुकाबला में उतरना फायदेमंद होगा। इसलिए लिहाज से ही भाजपा ने भी पासी की काट के लिए पासी समाज से ही उम्मीदवार देने का फैसला लिया है। मिल्कीपुर सीट पर दलित मतादाता ही निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। उसमें भी पासी समाज की संख्या सबसे अधिक है। यही वजह है कि पिछले कई चुनावों से सपा ने पासी समाज के ही पुराने और वरिष्ठ अवधेश प्रसाद पर दांव लगाकर सफल होती रही है। चुनावी इतिहास के आंकड़ों पर नजर डालें तो 1991 से अब तक के सभी चुनावों में इसी सीट पर भाजपा को सिर्फ दो ही बार जीत मिली है। यानि सियासी तौर पर इस सीट को सपा ही गढ़ माना जाता है। सूत्रों की माने तो भाजपा ने इस बार रणनीति बदलते हुए एक ऐसे प्रत्याशी की तलाश में जुटा था, जिसकी छवि निर्विवाद हो और बुजुर्ग सपा नेता अवधेश प्रसाद के मुकाबले दलित समाज के युवा वर्ग में अच्छा प्रभाव छोड़ सके। यह भी माना जा रहा है कि पुराने नेताओं के बजाए भाजपा ने एक युवा को मैदान में उतारकर दलित समाज के युवा वर्ग को साधने की भी कोशिश की है। चूंकि लोकसभा चुनाव से ही भाजपा सपा सांसद अवधेश प्रसाद की उम्र को लेकर सियासी तीर चलाती रही है। इसलिए भाजपा ने अपने उम्रदराज नेताओं की दावेदारी को किनारे करके चंद्रभानु को तरजीह दी है। कहा जा रहा है कि चंद्रभानु का युवा वर्ग पर अच्छा प्रभाव है और लगातार वह दो साल से युवाओं के बीच काम भी कर रहे हैं। इसलिए उपचुनाव में दलित युवाओं को साधने में मदद मिलेगी। अयोध्या के चौतरफा विकास के बाद भी लोकसभा सीट हारने से भाजपा के लिए अहम बनी इस सीट को जीतने में भाजपा को कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। माना जा रहा है कि इस चुनाव में भी भाजपा को जहां संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसे विपक्षी तुक्का पर स्थिति साफ करनी होगी। वहीं, टिकट न मिलने से नाराज अपने ही लोगों के भितरघात से निजात पाना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि प्रमुख दावेदारों में शामिल रहे पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने पार्टी के फैसले का समर्थन तो किया है, लेकिन यह भी कहा है कि प्रभु श्रीराम भी राजगद्दी गंवाने के बाद जब वन की तरफ जा रहे थे, तब मुस्करा रहे थे। हम भी उन्हीं की दिखाई राह पर चलेंगे। उनके इस बयान के भी निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो टिकट जारी होने के एक दिन पहले तक चुनाव लड़ने के लिए सरकारी सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने का आवेदन करने वाले सुरेंद्र रावत की दावेदारी सबसे ऊपर थी, लेकिन उच्च स्तर से आए एक फोन से सुरेंद्र की सारी कवायद पर पानी फेर दिया। सुरेंद्र को टिकट दिलाने के लिए कई दिग्गज नेता जुटे थे।

### दूध कारोबारी की मौत, हत्या का मुकदमा दर्ज

लखनऊ, (संवाददाता)। पारा के सदरौना में भैंस चोरी के विरोध पर बदमाशों के डाला चढ़ाने से घायल दूध कारोबारी ने अबरार (55) ने मंगलवार शाम को घर में दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि मंगलवार दोपहर डॉक्टरों के जवाब देने पर उन्हें घर लेकर आए थे। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक शनिवार को हुई वारदात में पहले हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया गया था। अब हत्या की धारा तरमीम की गई है। अब तक आलमबाग, कृष्णानगर, सरोजनी नगर, मानकनगर, दुबग्गा, ठाकुरगंज व काकोरी जाने वाले मार्गों पर 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, ।

# पूरे प्रदेश में बिगड़ा मौसम, कहीं कोहरा तो कहीं बारिश का प्रकोप, पारा गिरने से बढ़ेगी गलन

लखनऊ, (संवाददाता)। मकर संक्रांति के अगले दिन पूरे प्रदेश का मौसम एक बार फिर से बिगड़ गया है। कुछ जिलों में बुधवार की सुबह घना कोहरा देखा गया तो कहीं पर हल्की बारिश से सुबह शुरू हुई। नए विकसित हो रहे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में फिर बदलाव देखने को मिला। बुधवार के लिए मौसम विभाग ने बुंदेलखंड व आगरा क्षेत्र के 16 जिलों में गरज चमक संग वज्रपात और 18 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, बलिया आदि में मंगलवार को कोहरे की घनी चादर की वजह से दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। इटावा, मुजफ्फरनगर और बुलंदशहर सात डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडे रहे। वहीं बुधवार के लिए 42 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि ज्यादातर जगहों पर घने कोहरे के साथ पछुआ हवा अभी ठंड का अहसास कराती रहेगी। बुलंदशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बदायूं , जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, की आहट है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।